## अभ्यासः

### मौखिक

**प्रश्न 1. निम्न शब्दों के अर्थ बताएँ—**

भयंकरः, भोजनाय, पशवः, भीताः, तदा, विलम्बेन, आगतः, सर्वान्, अरक्षत्, बलम्।

**उत्तर—भयंकरः** - भयानक। **भोजनाय** - भोजन के लिए। **पशवः** - सभी पशु। **भीताः** - डरा हुआ। **तदा** - उस समय। **विलम्बेन** - विलम्ब से। **आगतः** - आया। **सर्वान्** - सबों को। **अरक्षत्** - रक्षा किया। **बलम्** - बल।

**प्रश्न 2. 'इच्छानुसारेण' के समान इन शब्दों को जोड़कर बताएँ—**

नियम + अनुसारेण, कर्म + अनुसारेण, विद्या + आलयः, समय + अनुसारेण, धर्म + अनुसारेण।

**उत्तर**—नियमानुसारेण । **कर्मानुसारेण** । विद्यालयः । समयानुसारेण । धर्मानुसारेण ।

**प्रश्न 3. इन शब्दों का पंचमी एकवचन में रूप बताएँ ।**

सिंह, शश, शरीर, कूप, बल ।

**उत्तर**—सिंहात्, शशात्, शरीरात्, कूपात, बलात्।

**प्रश्न 4. 'तत्र' शब्द से युक्त पाँच वाक्य बोलें ।**

**उत्तर**—तत्र विद्यालयः अस्ति। तत्र मम् गृहं अस्ति। तत्र रमेशः अपि पठति। तत्र गणेशपूजनं अस्ति। तत्र पुष्पाणि सन्ति।

### लिखितः

**प्रश्न 5. इन वाक्यों में रिक्त स्थानों को सही शब्दों से भरें—**

(क) एकस्मिन् ........... एकः भयंकरः सिंहः वसति स्म ।

(ख) सर्वे पशवः .............. अभवन् ।

(ग) तदा सिंहः ............... इति अवदत् ।

(घ) सः विलम्बेन सिंहसमीपम् ............. ।

(ङ) ............. बलं तस्य ।

**उत्तर**—(क) एकस्मिन् **वने** एकः भयंकरः सिंहः वसति स्म ।

(ख) सर्वे पशवः **भीताः** अभवन् ।

(ग) तदा सिंहः **आम** इति अवदत् ।

(घ) सः विलम्बेन सिंहसमीपम् **अगच्छत्** ।

(ङ.) बुद्धिर्यस्य बलं तस्य ।

**प्रश्न 6. संस्कृत में अनुवाद करें—**

(क) जंगल में एक सिंह था। (आसीत्)

(ख) वह इच्छानुसार भोजन करता है। (भोजनं करोति)

(ग) गुस्सा मत करो। (कुरू)

(घ) वह गुफा में रहता है। (तिष्ठति)

(ङ.) जिसके पास बुद्धि है उसी के पास बल है ।

**उत्तर**—(क) वने एकः सिंहः आसीत्।

(ख) सः इच्छानुसारेण भोजनं करोति।

(ग) क्रोधं मा कुरू।

(घ) सः गुहायाम् तिष्ठति ।

(ङ) यस्य बुद्धिः तस्य बलम् ।

**प्रश्न 7. इन शब्दों से वाक्य बनाएँ—**

भयंकरः, सिंहः, तदा, वने, बुद्धिमान्, कुत्र।

**उत्तर**—**भयंकर** - भयंकरः सिंहः वने वसति। **सिंह** - सिंहः भयंकरः आसीत् । **तदा** - तदा सः वनं अगच्छत् । **वने** - वनें पशवः वसन्ति । **बुद्धिमान्** - बुद्धिमानः विजयी भवति । **कुत्र** - कुत्र त्वम् गच्छसि?

**प्रश्न 8. इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है ? पाँच वाक्यों में लिखें ।**

**उत्तर**—खरगोश और सिंह की कहानी से शिक्षा मिलती है कि—(i) जिसके पास बुद्धि है उसी के पास बल है। (ii) जहाँ बल से काम नहीं हो वहाँ बुद्धि का प्रयोग करना चाहिए। (iii) छोटे शरीर वाले भी यदि बुद्धिमान हों तो बलशाली पर विजय प्राप्त कर सकता है। (iv) बल का घमण्ड नहीं करना चाहिए । (v) गुस्सा करने से बुद्धि मारी जाती है।

**प्रश्न 9. इस कहानी के आधार पर कोई कहानी लिखें ।**

**उत्तर**—किसी पेड़ पर कौवा-कौवी की जोड़ी रहता था। उसी पेड़ के खोखड़ में एक भयंकर काला साँप भी रहता था। वह साँप कौवा-कौवी के अण्डे को खा जाता था।

एक रोज कौवी ने कौवा से बोली- नाथ! हमदोनों इस पेड़ को छोड़कर अन्यत्र चलें। क्योंकि यहाँ हमदोनों के बच्चे का जीवन सुरक्षित नहीं है। काला साँप हमारे बच्चे को खा जाता है। कौवा बोला - डरो मत। मैंने उसके अपराध को बहुत सह लिया है। अब नहीं सहूँगा। कौवी बोली - उतने बलवान के साथ कैसे झगड़ा करोगे । कौवा बोला- चिन्ता मत करो, यहाँ के तालाब में राजकुमार स्नान करते समय अपना वस्त्र और सोने का सिकरी पत्थर पर रख देता है । जब वह पानी में स्नान के लिए प्रवेश करेगा, तब उसके सोने की सिकरी को चोंच से उठाकर खोखड़ में डाल दूँगा। सिपाही मेरे पीछे दौड़ते हुए खोखड़ के पास आयेंगे । वहाँ साँप को मारकर सिकरी ले जायेंगे । दूसरे दिन कौवा ने वैसा ही किया। साँप

मारा गया। कौवी–कौवा निर्भय होकर पेड़ पर रहने लगे। अतः सही कहा गया है – बुद्धि से जो काम होता है वह बल से नहीं हो सकता है।

**प्रश्न 10.निम्नलिखित शब्दों का वर्ण–विच्छेद करें—**

जैसे– वने – व + अ + न + अ + ए ।

(क) वसति ........ ।

**उत्तर–**व् + अ + स + अ + त् +इ।

(ख) गच्छतु .......... ।

**उत्तर–**ग् + अ + च् + छ + अ + त् + उ ।

(ग) क्रमशः .......... ।

**उत्तर–**क् + र् + अ + म् + अ +श् +अः।

(घ) एकस्मिन् ......... ।

**उत्तर–**ए + क् + अ + स् + म् + अ + इ + न्

(ङ) राजन् ........... ।

**उत्तर–**र् + आ + ज् + अ + न् ।

**प्रश्न 11. इनका सुमेल करें—**

| | |
|---|---|
| (i) सिंहः | (क) भीताः |
| (ii) शशः | (ख) गर्जति |
| (iii) पशवः | (ग) लघुः पशुः |
| (iv) पशूनां संख्या | (घ) बलम् |
| (v) बुद्धिः | (ङ) क्षीणा |

**उत्तर—**

| | |
|---|---|
| (i) सिंहः | (ख) गर्जति |
| (ii) शशः | (ग) लघुः पशुः |
| (iii) पशवः | (क) भीताः |
| (iv) पशूनां संख्या | (ड.) क्षीणा |
| (v) बुद्धिः | (घ) बलम् |

+++